भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1155

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2025

विदेशी भाषाएँ सिखाने वाले संस्थान

1155 # **श्री महेंद्र भट्ट**:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में विदेशी भाषाओं को सिखाने के लिये कितने शिक्षण संस्थानों को सरकार द्वारा अनुमति दी गई है;

(ख) अंग्रेजी के अतिरिक्त भारत में किस देश की स्थानीय भाषा को सीखने वालों की संख्या एवं संस्था ज्यादा हैं; और

(ग) उक्त देश, भाषा एवं संबंधित संस्थाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) विश्वविद्यालय स्वायत्त संगठन हैं और वे अपने संबंधित अधिनियमों, संविधियों और अध्यादेशों द्वारा अभिशासित होते हैं। विश्वविद्यालय/संस्थाएं अपने सांविधिक निकायों के अनुमोदन से अपने शैक्षणिक कार्यक्रम तय करने के लिए स्वतंत्र हैं।

(ख) और (ग) विदेशी भाषाओं में, अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अरबी भाषा वह भाषा है जिसमें भारत की विभिन्न संस्थाओं में सबसे अधिक संख्या में शिक्षार्थी नामांकित हैं। अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) 2022-23 (अनंतिम) के अनुसार, 87 संस्थाएं अरबी भाषा में कार्यक्रम प्रदान करती हैं।

*****